आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 28.08.2024

मुख्य समाचारः–

1– आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने छत्तीसगढ़ सहित चार राज्यों के सात जिलों में लागू की जाने वाली तीन रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी।

2– सीबीआई ने भ्रष्टाचार के आरोप में ईपीआईएल भिलाई के तत्कालीन डीजीएम और एक निजी कंपनी के पार्टनर समेत दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मामला।

3– राज्यपाल ने कहा कि देश से टी.बी. को जड़ से समाप्त करने के लिए सबको एक साथ मिलकर काम करना होगा।

4– रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कल होगा राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन।

कैबिनेट–रेललाइन

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने छह हजार चार सौ छप्पन करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से भारतीय रेलवे की दो नई लाइनों और एक मल्टी–ट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एक सौ इक्कीस किलोमीटर की जमशेदपुर–पुरुलिया–आसनसोल की तीसरी लाइन और सैंतीस किलोमीटर की सारडेगा–भालुमुड़ा नई डबल लाइन को मंजूरी दे दी गई है। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के भालुमुड़ा में इक्कीस किलोमीटर की रेललाइन बनाई जाएगी।

समिति ने छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सात जिलों में लागू की जाने वाली तीन परियोजनाओं के तहत रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग तीन सौ किलोमीटर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

कैबिनेट–एफएम चैनल

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दो सौ चौंतीस नये शहरों में सात सौ तीस निजी एफ.एम. चैनलों की ई–नीलामी कराने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इसमें छत्तीसगढ़ के जगदलपुर, अंबिकापुर और कोरबा भी शामिल हैं, जहां तीन–तीन एफएफ रेडियो केंद्र की स्थापना की जाएगी। इस फैसले से मातृभाषा में स्थानीय सामग्री के प्रसारण को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल के निर्णय से श्रेणी–दो और तीन के शहरों में एफएम रेडियो की पहुंच बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में स्थानीय प्रतिभाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

सीबीआई–तलाशी

केंद्रीय जांच ब्यूरो–सीबीआई ने भ्रष्टाचार के आरोप में ईपीआईएल भिलाई के तत्कालीन डीजीएम और एक निजी कंपनी के पार्टनर समेत दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उत्तरप्रदेश के बिजनौर और भिलाई में दोनों आरोपियों के आधिकारिक और आवासीय परिसरों में सीबीआई ने आज तलाशी ली। आरोप है कि ईपीआईएल के तत्कालीन डीजीएम ने निजी कंपनी के साथ कच्चे माल की प्राप्ति और हैंडलिंग सुविधाओं के विस्तार की स्थापना के लिए जो अनुबंध किया था, उसमें अनियमितता की गई थी। इसके अलावा निजी कंपनी ने जाली गेट मटेरियल एंट्री चालान के साथ स्टोर की पर्ची भी जाली प्रस्तुत की थी, जिसका सत्यापन तत्कालीन डीजीएम ने किया था।

आरोप है कि निजी फर्म के साझेदार ने यह जाली चालान प्रस्तुत कर करीब चौरासी लाख रूपये का अनुचित लाभ प्राप्त किया।

राज्यपाल–टीबी उन्मूलन

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा है कि प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत देश में वर्ष दो हजार पच्चीस तक टी.बी. को जड़ से समाप्त करने के लिए सबको एक साथ मिलकर काम करना होगा। राज्यपाल आज टी.बी. उन्मूलन के लिए चलाई जा रही एलाइस परियोजना के राज्य स्तरीय प्रसार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार टीबी बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सहित देश के चार राज्यों में रीच संस्था के सहयोग से एलाइस परियोजना चलाई जा रही है। इस परियोजना के तहत नौ सौ चार टी.बी. चैम्पियंस को प्रशिक्षित किया गया है, जो सरकार के साथ मिलकर टी.बी. उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री जन–धन योजना

प्रधानमंत्री जन–धन योजना के आज दस वर्ष पूरे हो गए हैं। योजना के तहत अब तक तिरपन करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है।

मंकी पॉक्स–दिशा/निर्देश

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को मंकी पॉक्स से बचाव और रोकथाम के लिए केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी विकासखंडों और ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों को मंकी पॉक्स के संक्रमण और बचाव के लिए जागरूक करने को कहा है।

मंकी पॉक्स को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चौदह अगस्त को पब्लिक हेल्थ एमरजेन्सी ऑफ इंटरनेशनल कान्स घोषित किया गया है। मंकी–पॉक्स से संक्रमित व्यक्ति में सामान्यतः बुखार, चकत्ते और लिम्फ नोड्स में सूजन पाई जाती है। मंकी–पॉक्स का संक्रमण पशु से मनुष्य में और मनुष्य से मनुष्य में फैल सकता है।

खेल अलंकरण समारोह

रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कल खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। मुख्यमंत्री वर्ष दो हजार इक्कीस–बाईस और बाईस–तेईस के लिए संतानवे खिलाड़ियों को छिहत्तर लाख की पुरस्कार राशि प्रदान करेंगे। वहीं, पांच सौ दो पदक विजेता खिलाड़ियों को साठ लाख तैंतीस हजार रूपये उनके बैंक खातों में ट्रांसफर करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह करेंगे।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

प्रदेश में कल उनतीस अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान एक से उन्नीस वर्ष तक के सभी बच्चों और किशोर–किशोरियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय विद्यालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों और तकनीकी शिक्षा संस्थानों में कृमि की दवा खिलाई जाएगी।

शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के उप संचालक डॉक्टर व्ही.आर. भगत ने बताया कि प्रदेश में एक करोड़ सात लाख संतानवे हजार बच्चों और किशोर–किशोरियों को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि स्कूलों में शिक्षकों द्वारा और आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कृमिनाशक दवा एल्बेन्डाजॉल का सेवन कराया जाएगा। इस दिन जो बच्चे दवा खाने से छूट जाएंगे, उन्हें चार सितंबर को मॉप–अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी।

माओवादी–ग्रामीण हत्या

बीजापुर जिले में माओवादियों ने एक पुलिस जवान के भाई की हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि तिमेनार गांव के किसान कारम सन्नू बीती रात अपने घर के पास बैठा था। इसी दौरान कुछ हथियारबंद माओवादी वहां पहुंचे और उसकी हत्या कर दी। मृतक कारम सन्नू का भाई दंतेवाड़ा में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ है।

दुर्घटना

कोरबा जिले में सीएसईबी कर्मी के बेटे ने अपनी कार से पांच लोगों को चपेट में ले लिया, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि कोरबा के निहारिका मुख्य मार्ग पर लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए सीएसईबी कर्मी के बेटे ने दो मोटरसाइकिलों को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। कोरबा के पुलिस अधीक्षक ने बताया की दुर्घटना के बाद आरोपी ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया है।

जवान–खुदकुशी

भिलाई स्थित रिसाली के ट्रांजिट कैंप में तैनात एसएसबी के जवान ने बीती रात खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मृत जवान हरियाणा का रहने वाला था और वह एसएसबी के अट्ठाईसवीं बटालियन में पदस्थ था। ड्यूटी के दौरान जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

ठगी–आरोपी गिरफ्तार

लाखों रूपये की ठगी करने के मामले में सरगुजा मार्ट कंपनी की मुख्य डायरेक्टर लता खुंटे को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर अंबिकापुर जेल से लाया गया है। साथ ही उसकी संपत्ति का परीक्षण कर अटैच कराने की कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले, कंपनी के डिप्टी डायरेक्टर निशांत तिर्की और एरिया मैनेजर फ्रांसिस पन्ना को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। इस कंपनी पर सस्ती दर पर बोर खनन के नाम पर लोगों से लाखों रूपये की ठगी करने का आरोप है।

रंग–तरंग

रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में कल से 'रंग तरंग' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के लोक पारम्परिक वाद्ययंत्रों और विभिन्न वाद्ययंत्रों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। यह आयोजन मुक्ताकाशी मंच पर हर रोज शाम सात बजे से शुरू होगा। संस्कृति विभाग के चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत इच्छुक कलाकार और संस्थाएं अपना प्रस्ताव संचालनालय संस्कृति और राजभाषा, सेक्टर–सत्ताईस नवा रायपुर में जमा कर सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में हर गुरुवार को होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम कल उनतीस अगस्त को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

– उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बातचीत की। उन्होंने आश्वस्त किया कि सब इंस्पेक्टर भर्ती का परिणाम जल्द जारी किया जाएगा।

– कथित कोयला घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका तीसरी बार खारिज कर दी है।

– लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए निलंबित अधिकारियों के स्थान पर उस क्षेत्र में पहले से ही काम कर रहे अधिकारियों को जल जीवन मिशन का प्रभार सौंपा गया है।

– जांजगीर के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में पांच दिवसीय स्काउट–गाइड शिविर शुरू हो गया है। इस शिविर में सत्रह केंद्रीय विद्यालयों के एक सौ बीस स्काउट्स हिस्सा ले रहे हैं।

– जांजगीर में प्रतिभाओं को निखारने तीन दिवसीय 'टैलेंट तिहार, प्रतिभा को पंख' कार्यक्रम का आज शुभारंभ हुआ।

– बालोद जिले के कुसुमकसा गांव में कल डायरिया के सोलह नये मामले सामने आए हैं, जिससे यहां मरीजों की संख्या बढ़कर पैंतालीस हो गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>